**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# वन विभाग की लापरवाही आम जन पर पड़ रही है भारी

**जिम्मेदार कौन**

## आठ साल की मासूम को घर के आंगन से उठा ले गया गुलदार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। जिले के सटे गावों में घनी आबादी के बीच इन दिनों गुलदार की लगातार बढ़ रही सकियता के चलते पूरे गांवों में दहशत फैलने लगी है। आलम यह है कि जिले के सटे गांवों में गुलदार की बढ़ रही दहशत के चलते स्थानीय गांव के ग्रमीण शाम ढलते ही घरों में ही कैद होने को मजबूर हो रहे है। बता दें कि बाजार से देर सांय घरों को जाने वाले लोग समूहों के साथ वापस लौट रहे है। आलम यह है कि ये लोग अपने साथ लाठी डंडे व धारदार हथियार साथ लेकर घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो रहे है।

दूसरी ओर महिलाएं खेत में घास काटने से कतरा रही है। गांव के ग्रमीणों का कहना है कि जिले के गांवों में लगातार मानव व गुलदार के बीच वन संघर्ष की गतिविधियां



होने के बावजूद वन महकमा आंखें मूदकर बैठा हुआ है। गांव के ग्रमीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरु कर दिये है। स्थानीय गांववासियों का कहना है कि अभी तक वन विभाग द्वारा गुलदार प्रभावित गांवो में पिजड़े तक नही लगा पाया है। गांव के ग्रमीणों ने वन विभाग से दो टूक लफ्जों में कह दिया है कि यदि विभाग ने गुलदार को शीघ्र आदमखोर घोषित कर मार नही गिराया तो क्षेत्रवासी खुद मिलकर उसका प्रमुखता से हल निकालेंगे। जिले के नजदीक के ही सटे गांवों में दिन रात गुलदार की बढ़ रही सक्रियता के चलते गांव के ग्रामीण थाली बर्तन कनस्तर बजाकर शोर मचाकर गुलदार को भगा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक बीते रविवार को मौत के घाट उतारकर गुलदार वहां से भाग खडा हुआ। रविवार देर सांय एक आठ साल की किशोरी मानसी को देर सांय गुलदार घर के आंगन से उटाकर ले गया। बहुत खोजबीन के बाद शव मिल पाया। जिले के बजेटी वार्ड के पुष्कर राम की पुत्री को गुलदार ने मौत के घाट उतार दिया है। वही बच्ची को ढुंढने का प्रयास किया गया मगर बहुत खोजबीन के बाद बच्ची के शव का पता लग पाया।

मौके पर घटना स्थल पर मासूम मानसी को खोजने के तहसीलदार पंकज चदोला व अन्य ग्रमीण मौके पर जुटे रहे। वह मासूम मानसी की मौत के बाद उसकी माता बबीता का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। गाव के ग्रमीणों ने वन विभाग को गुलदार को पकड़ने के लिए कई बार मांग रख दी है मगर वन विभाग गुलदार को पकड़ने की जगह केवल गश्त करने तक सीमित रहा। गांव के ग्रमीण दहशत के सांये में जीने को मजबूर हो चुके है।

## न्यूज डायरी

### महंत नरेंद्र गिरी की मौत से सकते में संत समाज, बोले– नहीं कर सकते आत्महत्या

**संवाददाता** हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत नरेंद्र गिरी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है, जिससे हरिद्वार के धर्म जगत में शोक की लहर है। श्रीमहंत नरेंद्र गिरी श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के श्री महंत थे। हरिद्वार से संतों की बड़ी जमात उनके अंतिम दर्शनों के लिए प्रयागराज के लिए रवाना हो रही है। हरिद्वार के संतों ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत नरेंद्र गिरी की संदिग्ध अवस्था में कोई मौत की जांच की मांग की है। संतों का कहना है कि श्री महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या जैसा कोई कदम नहीं उठा सकते थे। उन्होंने हाल ही में हरिद्वार में बातचीत कर अगले सप्ताह हरिद्वार आने की बात भी कही थी। पिछले सप्ताह उन्होंने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ श्री बाघमबारी गद्दी में दर्शन पूजन भी किया था।

### डीएचएल एक्सप्रेस ने भारत में वर्ष 2022 के लिये वार्षिक मूल्य–व्यवस्था की घोषणा की

**संवाददाता** रुड़की। डीएचएल एक्सप्रेस विश्व का अग्रणी इंटरनेशनल एक्सप्रेस सेवा प्रदाता ने आज कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है यह वृद्धि 1 जनवरी 2022 से प्रभावी होगी वर्ष 2021 की तुलना में भारत में औसत बढ़ोतरी 6.9 प्रतिशत होगी। डीएचएल एक्सप्रेस वार्षिक आधार पर मूल्य–व्यवस्था (प्राइस एडजस्टमेंट) करता है जिसमें महंगाई मुद्रा–गतिशीलता और विनियामक तथा सुरक्षा उपायों से सम्बंधित प्रबंधकीय खर्चों का ध्यान रखा जाता है। इन उपायों को उन 220 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में से प्रत्येक में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकारियों द्वारा नियमित रूप से नवीकृत किया जाता है जहाँ डीएचएल एक्सप्रेस सेवा प्रदान करता है।

### एचडीएफसी बैंक ने को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स लॉन्च करने को पेटीएम के साथ की साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक और पेटीएम ने वीजा संचालित क्रेडिट कार्ड्स की एक विस्तृत श्रृंखला को लॉन्च किए जाने की योजना की घोषणा की है। पेटीएम उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए भारत का अग्रणी डिजिटल प्लेटफॉर्म (1) है। अपनी तरह की इस पहली साझेदारी का उद्देश्य विशेष रूप से मिलेनियल्स, कारोबार मालिकों और व्यापारियों समेत सभी ग्राहक वर्गों को पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है। इन क्रेडिट कार्ड्स को खुदरा ग्राहकों की अलग–अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए कस्टमाज किया जायेगा। इनमें नए क्रेडिट कार्ड यूजर्स से लेकर समृद्ध यूजर्स या उपयोगकर्ता भी शामिल होंगे। इस श्रेणी के तहत यूजर्स को अन्य कार्ड्स के मुकाबले शानदार रिवार्ड्स और कैशबैक मिलेंगे। नए कार्ड की पेशकश से छोटे कारोबारियों को भी सुविधा होगी।

## नेता प्यारे लाल हिमानी ने 2022 के चुनाव में विधायक के टिकट की दावेदारी पेश की

**संवाददाता** पुरोला। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्यारे लाल हिमानी ने पुरोला विधानसभा से 2022 के चुनाव में विधायक के टिकट की दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा कि वे 1992 से कांग्रेस के सिपाही है और दो बार पुरोला ब्लाक से ब्लाक प्रमुख व एक बार नगर पंचायत पुरोला के अध्यक्ष रहे है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी उन्हे प्रत्याशी बनाती है तो वे निश्चित ही जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।

यहां लोनिवि के गेस्ट हाउस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्यारे लाल हिमानी ने कांग्रेस से विधानसभा के टिकट की दावेदारी पेश करते हुए कहा कि वे 1992से कांग्रेस के सिपाही है। उन्होने हमेशा कांग्रेस पार्टी की नीतियो को आगे बढ़ाया है। कई लोग इधर गए, उधर गए लेकिन उन्होने कभी भी पार्टी का झंडा नही छोड़ा। हमेशा कांग्रेस के ऐजंडे पर कार्य कर उसे आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उन्हे वर्ष 1996 व 2002 में पुरोला ब्लाक के ब्लाक प्रमुख एवं 2013 में नगर पंचायत पुरोला के प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष रह कर जनता की सेवा करने का मौका मिला। केंद्र में 2010 में कांग्रेस सरकार के समय वे दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे है। उन्होने कहा कि दो बार ब्लाक प्रमुख रहते हुए उन्होने पुरोला ब्लाक में 16 प्राथमिक विद्यालय खोले एवं शासन से उनमें पद भी सृजित करवाएं। उन्होने कहा कि वे कांग्रेस के सीनियर कार्यकर्ता है और इस समय वे टिकट के प्रबल दावेदार है।



### उत्तराखंड सरकार जनता को दे रही धोखाः प्रीतम सिंह

**संवाददाता** रुड़की। कांग्रेस की परिवर्तन रैली खानपुर विधानसभा क्षेत्र के ढंडेरा में पहुंची। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि उत्तराखंड सरकार जनता को धोखा देने का काम कर रही है। महंगाई और भ्रष्टाचार प्रदेश में चरम पर है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, विधायक काजी निजामुद्दीन फुरकान, अहमद वीरेंद्र रावत, पूर्व दायित्वदारी मनोहर लाल शर्मा समेत तमाम नेता मौजूद रहे। मंगलौर पहुंचते ही कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा से राजमार्ग जाम हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कांग्रेस की ओर से शनिवार से हरिद्वार जिले में परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया गया है।

# धन क्रय के सम्बन्ध में सभी तैयारियाँ पूर्ण कर लेने का निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री बंशीधर भगत ने विधानसभा स्थित कक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री ने आगामी 01 अक्टूबर 2021 खरीफ खरीद सत्र में धन क्रय के सम्बन्ध में सभी तैयारियाँ पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा इस सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्था की जाँच परख कर ली जाय। धन क्रय केन्द्र की संख्या 239 के लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इससे सम्बन्धित चयन प्रक्रिया पूर्ण कर लें तथा अपनी आवश्यकतानुसार इसे बढा लें और आवश्यकतानुसार स्थल परिवर्तित कर लें। इस सम्बन्ध



में विभाग को धन क्रय केन्द्र पर पर्याप्त स्टाफ तैनात करने का निर्देश दिया। वर्तमान में धान क्रय पोर्टल पर कृषकों का पजीकरण गतिमान है। निर्देश दिया गया कि 30 सितम्बर 2021 तक समस्त कृषकों का पंजीकरण और अपडेशन का कार्य पूर्ण कर लें।

जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसानवार, ग्रामवार और बोया गया रकबा से सम्बन्धित कृषकों की सूची दे दें, जिससे सम्भावित उत्पादित मात्रा क्रय की जा सके। इस सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिया गया कि कृषकों के पंजीकरण हेतु व्यापक प्रचार प्रसार मण्डी समिति के स्तर से किया जाय। अभी तक 1 करोड 32 लाख बोरों की व्यवस्था की जा चुकी है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के बाद अब कांग्रेस नेता के घर रहस्यमय धमाका

**संवाददाता** हल्दूचौड़। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट के बाद मोटाहल्दू के जयपुर खीमा निकासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेसी नेता के घर की मुमटी में रहष्यमयी धमाका हो गया। जोरदार धमाके के साथ तीसरी मंजिल पर पर बनी मुमटी के शीशे व दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही बिजली की वायर व उपकरण भी फुंक गए। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना कर मामले की जांच की जा रही है।

सोमवार की दोपहर को लगभग साढ़े तीन बजे मोटाहल्दू के जयपुर खीमा गांव में कांग्रेस के जिला महामंत्री डा0 बालम सिंह बिष्ट के मकान के तीसरी मंजिल में जोरदार धमाका हुआ। जिससे परिजन दहशत में आ गए। आनन फानन डॉक्टर बालम बिष्ट के परिजन तीसरी मंजिल पर पहुंचे तो वहा बनाई गई गुंबद क्षतिग्रस्त था। गुंबद में लगे तमाम शीशे टूट गए। जबकि कई जगहों पर दीवार का पलस्तर गिर गया था, साथ ही घर में लगे बिजली के तमाम उपकरण फुंक गए।